हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 नवंबर 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 अलीपुर स्कूल में नहीं पानी के इंतजाम छात्रों को घर जाकर बुझाना पड़ती...



07 दीपावली के पांच दिन शेष, बाजार में पसरा पड़ा सन्नाटा, महंगाई की...



खबर संक्षेप

नरवाई जलाने पर लगा प्रतिबंध, लगेगा जुर्माना

सीहोर। जिले में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरु के. ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जारी आदेश 2 नवंबर से से लागू हो गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में धान, सोयाबीन, मक्का एवं अन्य फसलों की कटाई के बाद खेतों में खड़ी नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं। इससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होने के साथ पर्यावरण, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को भी नुकसान पहुंचता है। खेतों में आग लगाने से आसपास के खेतों, संपत्तियों और बिजली की लाइनों को नुकसान पहुंचने तथा आग फैलने की आशंका बनी रहती है। किसानों के लिए नरवाई हटाने के वैकल्पिक साधन भी उपलब्ध हैं, इसलिए फसल अवशेषों को जलाने से बचना आवश्यक है। नरवाई जलाने पर किसानों को भूमि के रकबे के आधार पर पर्यावरणीय मुआवजा देना होगा। इसके तहत 2 एकड़ से कम भूमि वाले लघु किसानों पर 2,500 रुपये, 2 से 5 एकड़ से कम भूमि वाले सीमांत किसानों पर 5,000 रुपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों पर 15,000 रुपये प्रति घटना के हिसाब से मुआवजा निर्धारित किया गया है। आदेश जारी होने की तिथि से आगामी एक माह तक प्रभावशील रहेगा।

नपा को पटाखों की दुकानों से मिला 12 लाख रुपए का राजस्व

बीएसआई मैदान पर सजा पटाखा बाजार नीलामी के दौरान जमकर हुआ हंगामा

नपा ने लिए 85 आवेदन, दुकानें थी 65, 20 आवेदकों को वापस की जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रोशनी के महापर्व दीपावली के नजदीक आते ही शहर में प्रशासनिक और व्यावसायिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी सिलसिले में शहर के प्रसिद्ध बीएसआई मैदान पर अस्थाई पटाखा दुकानें लगाने के लिए रविवार को नगर पालिका कार्यालय में नीलामी प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस पूरी प्रक्रिया से नगर पालिका को लगभग 12 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। हालांकि दुकानों की संख्या सीमित होने और आवेदन करने वालों की संख्या उम्मीद से अधिक होने के कारण नीलामी के दौरान माहौल काफी गरमा गया और दुकानदारों ने जमकर हंगामा किया।

इस बार दीपावली पर अस्थाई पटाखा दुकान लगाने के लिए कुल 85 व्यापारियों और दुकानदारों ने आवेदन किया था। नियम के तहत प्रत्येक आवेदक ने 4500 रुपए की राशि जमा कराई थी, लेकिन धरातल पर नगर पालिका के पास केवल 65 दुकानें ही उपलब्ध थीं। नतीजतन 20 दुकानदारों को दुकानें न मिलने के कारण निराशा हाथ लगी। अब नगर पालिका प्रशासन द्वारा उन 20 असफल आवेदकों की 4500 रुपए की अग्रिम राशि वापस लौटाई जा रही है, जिन्हें दुकान नहीं मिल पाई है।

नीलामी से पहले भड़के दुकानदार

रविवार को जब नगर पालिका कार्यालय में नीलामी प्रक्रिया शुरू होने वाली थी, तभी वहां पहुंचे दुकानदारों ने दुकानों की कम संख्या और अपनी संख्या अधिक होने को लेकर नाराजगी जतानी शुरू कर दी। देखते ही देखते स्थिति हंगामे में बदल गई। दुकानदारों का तर्क था कि जब तक सभी के लिए पर्याप्त दुकानों की व्यवस्था नहीं की जाती और उनकी समस्याओं का उचित समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक नीलामी प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। नाराज दुकानदारों ने जिला कलेक्टर बालागुरु के समक्ष इस व्यवस्था को लेकर शिकायत दर्ज कराने की चेतावनी भी दी। इस दौरान कार्यालय परिसर में काफी देर तक बहस और हंगामे का दौर चलता रहा। अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा समझाइश और काफी मशक्कत के बाद स्थिति को संभाला गया, जिसके बाद बोली लगाने की प्रक्रिया शुरू हो सकी। सुबह से शुरू हुई यह उठापटक और नीलामी की प्रक्रिया शाम करीब 6 बजे तक चली, जिसके बाद जाकर सभी 65 दुकानों की नीलामी पूरी हो सकी।

63 हजार में नीलाम सबसे महंगी दुकान

विवादों और हंगामे के बीच हुई इस नीलामी में दुकानदारों में उत्साह भी देखने को मिला। दुकानदारों ने अपनी पसंद की जगह के लिए बढ़ चढक़र बोलियां लगाईं। नीलामी के दौरान दुकान नंबर 1 सबसे महंगी साबित हुई, जो रिकॉर्ड 63 हजार रुपए में नीलाम हुई। वहीं श्रृंखला की आखिरी यानी दुकान नंबर 65 की बोली 55 हजार रुपए पर आकर समाप्त हुई। इस पूरी प्रक्रिया के तहत दुकानदारों को 10 बाई 10 फीट की निर्धारित जगह आवंटित की गई है।प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से दुकानदारों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दुकानदारों को स्पष्ट किया गया है कि उन्हें गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करना होगा। प्रत्येक दुकान पर आग बुझाने के पर्याप्त साधन रेत की भरी हुई बाल्टियां रखना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा किसी भी संभावित आपात स्थिति या दुर्घटना से तुरंत निपटने के लिए नगर पालिका की एक दमकल भी मौके पर तैनात रहेगी।

राशि वापस की जा रही है

नगर पालिका के राजस्व अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि इस बार अस्थाई पटाखा दुकानों की नीलामी से नगर पालिका को लगभग 12 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने दुकानें लगाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन कुल दुकानों की संख्या सीमित होने के कारण जिन्हें जगह नहीं मिल सकी है, उनकी जमा कराई गई 4500 रुपए की राशि वापस लौटाई जा रही है।

फैक्ट्री में लगी भीषण आग दमकल ने पाया काबू

समय रहते टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खामलिया गांव के पास सोमवार दोपहर एक लोहा फैक्ट्री में आग लग गई। दमकल ने आग बुझा दी। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार जिले के खामलिया गांव के पास सोमवार दोपहर एक लोहा फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटों और धुएं के गुबार को देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया।

आग दोपहर लगभग डेढ़ से 2 बजे के बीच लगी, अभी आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। कुल नुकसान की जानकारी भी सामने नहीं आ पाई है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका सीहोर की फायर ब्रिगेड दमकल की गाड़ी तुरंत मौके पर रवाना हुई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत और सूझबूझ का परिचय देते हुए पानी की बौछार कर आग पर तेजी से काबू पाना शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया। जिससे यह और अधिक विकराल रूप नहीं ले सकी। इस आगजनी की घटना में फैक्ट्री के भीतर रखे गए कई गैस सिलेंडर, बिजली के केबल, मशीनरी, और अन्य जरूरी सामान जलकर प्रभावित हुए हैं। फैक्ट्री परिसर में रखे गए लोहे के सामान और अन्य उपकरणों को भी नुकसान पहुंचा है। गनीमत यह रही कि समय रहते दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर नियंत्रण पा लिया गया, वरना आसपास के क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं है। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

दो शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर प्रकरण दर्ज

सीहोर। आष्टा अनुविभाग में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के दौरान शासकीय उचित मूल्य दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। आष्टा एसडीएम महेन्द्र प्रताप सिंह किरार द्वारा ग्राम पंचायत भटोनी में मां दुर्गा स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड क्रमांक- 2902089 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान विक्रेता, सहायक विक्रेता एवं समूह अध्यक्ष अनुपस्थित पाए गए। साथ ही खाद्यान्न के स्टॉक में भी अंतर पाया गया। इसी प्रकार सहायक आपूर्ति अधिकारी मिताली मेहरा आष्टा द्वारा ग्राम पंचायत गवाखेड़ा में सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड क्रमांक- 2902012 का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दुकान पर निर्धारित बोर्ड, बैनर एवं आवश्यक अभिलेख तथा पंजी संधारित नहीं पाए गए। इसके साथ ही खाद्यान्न स्टॉक का समुचित रख-रखाव भी नहीं पाया गया।



खबर संक्षेप

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ बिताया समय

सीहोर। समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माय भारत केंद्र सीहोर द्वारा संकल्प वृद्धाश्रम एवं पुनर्वास केंद्र में सेवा गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान युवाओं ने वृद्धजनों के साथ लगभग एक घंटे तक आत्मीय संवाद कर उनके जीवन के अनुभवों, समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम में वृद्धजनों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय बातचीत की गई। इस दौरान बुजुर्गों ने अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए। संवाद के माध्यम से जानकारी मिली कि वृद्धाश्रम में छत्तीसगढ़, कोलकाता सहित विभिन्न क्षेत्रों के वृद्धजन निवास कर रहे हैं। इनमें कई बुजुर्ग बीमारी, पारिवारिक समस्याओं एवं आर्थिक कठिनाइयों के चलते आश्रम में रह रहे हैं। इस अवसर पर वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सूची के अनुसार आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सभी वृद्धजनों के साथ बैठकर भोजन किया गया एवं उन्हें भोजन वितरित किया गया। युवाओं ने बुजुर्गों की बातें सुनकर उन्हें अपनत्व, सम्मान और भावनात्मक सहयोग प्रदान करने का प्रयास किया। सेवा गतिविधि का उद्देश्य वृद्धजनों के अकेलेपन को कम करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा उनके जीवन में खुशियां और अपनापन लाना रहा।

पंजीयन कार्य की अपर कलेक्टर ने की समीक्षा

सीहोर। अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने सीहोर तहसील में स्वामित्व योजना के अंतर्गत दस्तावेजों के पंजीयन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पंजीयन कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्य में आ रही समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों के संबंध में चर्चा की। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दस्तावेजों के पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और आपसी समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए।

अलीपुर मिडिल स्कूल में पीने के पानी की नहीं है व्यवस्था

अलीपुर स्कूल में नहीं पानी के इंतजाम छात्रों को घर जाकर बुझाना पड़ती प्यास

सरकारी स्कूल के 130 बच्चों को पेयजल आपूर्ति के लिए करनी पड रही जद्दोजहद, नहीं है पानी की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





सरकारी स्कूलों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के सरकार भले ही लाख दावे करें , लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। स्थिति यह है कि क्षेत्र के कई स्कूलों में बिजली , पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसका अंदाजा अलीपुर मिडिल से लगाया जा सकती है। जहां पढ़ने वाले करीब 130 बच्चों को पेयजल आपूर्ति के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। हालात यह है कि छात्रों को अपनी प्यास बुझाने के लिए करीब आधा - एक किमी दूर अपने घर जाना पड़ता है। बताया जा रहा है कि दो साल पहले परिसर में पीएचई विभाग द्वारा एक बोर खनन कराया , लेकिन इसमें मोटर पंप डालने की सुध अभी तक नहीं ली गई है । स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बोरवेल में मोटर डालकर उसे चालू करने को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं , लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा हैं। संकुल केंद्र ब्रिजिशनगर के तहत आने वाले आदिवासी गांव अलीपुर स्थित मिडिल स्कूल में करीब 130 छात्र - छात्राएं अध्ययनरत हैं। लेकिन यहां जलापूर्ति के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। हालात यह हैं कि बच्चों को अपनी प्यास बुझाने के लिए घर से बोटल में पानी भरकर लाना पड़ता है। जिनके पास बोटल नहीं है उन्हें भोजन के बाद करीब 400-800 मीटर दूर घर जाकर पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। दरअसल आदिवासी गांव होने के कारण अधिकांश घर खेतों में अथवा मंज़रे - टोले पर स्थित है। ऐसे में पानी पीने के लिए घर आने - जाने में ही बच्चों का अधिक समय बर्बाद हो रहा है।

एक हैंडपंप पीएचई के किया बंद

बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में एक हैंडपंप हैं , जिसमें भरपूर पानी है। लेकिन जांच में हैंडपंप का पानी (फ्लोराइड युक्त) पीने योग्य नहीं होना बताकर उसे बंद कर दिया गया। दो साल में भी नहीं डाला विद्युत पंप - स्कूल प्रबंधन ने बताया कि स्कूल में जलापूर्ति के लिए पीएचई विभाग द्वारा दो साल पहले बोरवेल खनन कराया गया , लेकिन इसमें विद्युत पंप आज तक नहीं डाला गया है। इस कारण इसका लाभ बच्चों को नहीं मिल रहा है। छात्रों को पानी की परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

अधिकारियों को कराया अवगत

स्कूल में पानी की परेशानी को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है , तथा बोर में मोटर डालने की मांग कर चुके हैं लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।
दशरथ सिंह मालवीय, स्कूल प्रभारी अलीपुर

बोर की सफाई कराई जाएगी

वत बोर की सफाई होना है , इस संबंध में मेकेनिकल विभाग को अवगत कराया जा चुका है , जल्दी ही सफाई करवाकर उसमें मोटर पंप डालकर चालू कर दिया जाएगा।
सिद्धार्थनाथ मालवीय, उपमंत्री पीएचई विभाग

42 साल तक विद्यार्थियों का भविष्य संवारते रहे शिक्षक

विदाई पर विद्यालय को भेंट की प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

शिक्षक का जीवन केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह कई पीढ़ियों के भविष्य को दिशा देने का काम करता है। इसी जिम्मेदारी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतराना के शिक्षक अखिलेश गुप्ता ने लगातार 42 वर्षों तक निभाया। 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिवार और ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

अखिलेश गुप्ता ने वर्ष 1984 में इसी विद्यालय में उपशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। खास बात यह रही कि नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्ति तक उनका पूरा सेवाकाल इसी विद्यालय में बीता। चार दशक से अधिक समय तक उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ अनुशासन, संस्कार और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अपने सेवाकाल की पुरानी यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में उनका मासिक वेतन 300 रुपये निर्धारित था और पहला वेतन मात्र 120 रुपये मिला था। उस समय रेहटी से सतराना तक बस का किराया 75 पैसे हुआ करता था। विद्यालय पहुंचने के लिए रास्तों की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा के प्रति शिक्षकों और विद्यार्थियों में विशेष लगन रहती थी। विद्यालय से अपने गहरे जुड़ाव को यादगार बनाने के लिए गुप्ता ने सेवानिवृत्ति के दिन विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करवाई। उन्होंने इसे अपने 42 वर्षों के शिक्षकीय सफर की स्मृति और विद्यालय के प्रति सम्मान के रूप में समर्पित किया। वर्ष 2017 में भी सतराना में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर प्रतिमाओं की स्थापना में उनका योगदान रहा था। विदाई समारोह में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पूर्व विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उपस्थित होकर उनका सम्मान किया।

इस दौरान कई पूर्व विद्यार्थियों ने अपने गुरु के साथ बिताए दिनों को याद किया। अखिलेश गुप्ता ने भावुक होते हुए कहा कि सतराना में बिताए 42 वर्ष उनके जीवन की अनमोल पूंजी हैं। विद्यालय ने उन्हें केवल कार्यस्थल ही नहीं दिया, बल्कि जीवनभर याद रहने वाले रिश्ते और अपनापन भी दिया है। पद से सेवानिवृत्ति जरूर हो रही है, लेकिन सतराना और यहां के विद्यार्थियों से उनका रिश्ता हमेशा बना रहेगा।

अभियान के तहत युवतियों को मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण

सीहोर। मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला एवं बालिका सशक्तीकरण के उद्देश्य से सशक्त वाहिनी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत युवतियों एवं बालिकाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर पुलिस भर्ती में चयन की तैयारी के लिए निशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन एवं शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों से 15 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कक्ष क्रमांक 147, कलेक्ट्रेट परिसर, जिला सीहोर में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन करने वाली युवतियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना तथा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति के साथ आवेदन कर सकती हैं।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर। मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से 'विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातकोत्तर, शोध उपाधि तथा पोस्ट-पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन करने के बाद ऑनलाइन आवेदन लॉक कर सकते हैं।

मां को सदमे से बचाने रातभर भवन में रखे रहे बेटे-बहू और पोते के शव, गमगीन माहोल में किया गया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिस पांच सदस्यों के परिवार से एकाएक तीन लोग अचानक से चले जाएं, उस घर में परिजनों पर पहाड़ सा टूट पड़ता है, लेकिन नगर की इंदिरा कॉलोनी में इसका उलट देखने को मिला। शनिवार को अपने दो साल के मासूम बच्चे के जन्मदिन पर दर्शन करने गए माता-पिता और बच्चा एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। जब शनिवार रात 11 बजे उनके शवों को आष्टा लाया गया, तो बीमार बुजुर्ग मां गंगा बाई को इस भयानक सदमे से बचाने के लिए परिजन ने कठोर फैसला लिया। शवों को सीधे घर न ले जाते हुए इंदिरा कॉलोनी स्थित अंबेडकर भवन में रखा गया। साथ ही सूचना पर आए मेहमानों को भी मृतकों के घर की बजाए मांगलिक भवन और आस-पड़ोस के घरों में रात रुकवाने की व्यवस्था बनाई गई। घटना शाजापुर जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र में सारंगपुर-अकोदिया मार्ग पर दोपहर गोदना गांव के पास की है। इंदिरा कॉलोनी आष्टा निवासी अजीत सिंह पंवार (पिता राजू पंवार चाय वाले), उनकी पत्नी पूजा और दो साल के बेटे शिवांशु बाइक से बेटे के जन्मदिन के अवसर पर बोलाई मंदिर दर्शन के लिए गए थे। इसी दौरान बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से चालक ने ब्रेक लगाया, तभी पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जिसने देखा रोक नहीं सका आंसू सच्चाई सामने आते ही बुजुर्ग मां गंगा बाई बदहवास हो गईं और चीखें मारकर तीन से चार बार बेहोश हुईं। रविवार को जब एक ही घर से तीनों मृतकों की अर्थियां एक साथ निकलीं तो जिसने भी देखा उसकी आंखों में पानी भर आया। अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की एक साथ चिताएं जलती देख वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।

वार्षिक समारोह में अतिथियों ने बढ़ाया बेटियों का हौसला

आत्मनिर्भर बन रहीं बेटियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बेटी की शिक्षा, राष्ट्र की सबसे सुंदर नींव है और शिक्षित बालिका ही सशक्त भारत का भविष्य है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए रविवार को भोपाल नाका स्थित होटल ब्लू स्टार में 'ढींगरा फैमिली फाउंडेशन' (इंडिया/अमेरिका) द्वारा डिप्लोमा वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

संस्था द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के 12वें वर्ष के अवसर पर, सत्र 2025-26 में प्रशिक्षण पूरा करने वाली 400 बालिकाओं को 'डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन' प्रदान किए गए। इसके साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ चुकीं और आत्मनिर्भर बनीं बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. ओम ढींगरा (अमेरिका) ने अपने परिवार के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने भावुक होते हुए बताया कि किस तरह उनके परिवार ने देश के विभाजन का दंश झेला, लेकिन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कभी हार नहीं मानी और अपना सफर जारी रखा। उन्होंने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में मुश्किलें आती रहेंगी, पर हौसले के साथ उनका समाधान भी निकलेगा; इसलिए वे रुकें नहीं और निरंतर आगे बढ़ती रहें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सीहोर विधायक सुदेश राय ने फाउंडेशन के इस सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने बालिकाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे बेटियों की शिक्षा के लिए हर संभव मदद करेंगे। पढ़ाई के दौरान आने वाली किसी भी आर्थिक समस्या के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। वहीं, क्रीसेंट ग्रुप के प्रबंध निदेशक व समाजसेवी अखिलेश राय ने भी ढींगरा फैमिली फाउंडेशन के इस नेक प्रकल्प में अपनी ओर से हर संभव सहयोग देने की बात कही। समारोह में जगद्गुरु पंडित अजय पुरोहित जी ने अपने ओजस्वी व आध्यात्मिक वक्तव्य के माध्यम से बालिकाओं में नई ऊर्जा का संचार किया और उन्हें जीवन मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित समाजसेवी नमिता राय, अरुणा राय और डॉ. विजय सक्सेना भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नमिता राय एवं अरुणा राय ने बेटियों को उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने डिप्लोमा प्राप्त करने वाली छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों को कार्यक्रम के बारे में विस्तार से पंकज सुबीर ने बताया, स्वागत भाषण जयंत दासवानी ने दिया।



किराना सामान से लेकर मिठाई, दीपक और पूजन सामग्री तक महंगी

दीपावली के पांच दिन शेष, बाजार में पसरा पड़ा सन्नाटा, महंगाई की मार



दीपावली की जरूरी वस्तुओं के दामों में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

दीपों का पर्व दीपावली 8 नवंबर को परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। त्योहार में अब महज पांच दिन शेष रह गए हैं, लेकिन इसके बावजूद नगर के बाजारों में अपेक्षित रौनक नजर नहीं आ रही है। जबकि हर वर्ष दीपावली से करीब 15 दिन पहले ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगती थी। इस बार महंगाई की मार और सीमित आय के चलते बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। नगर के विभिन्न व्यापारियों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दीपावली से जुड़ी वस्तुओं के दामों में औसतन 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका सीधा असर ग्राहकों की खरीदारी पर दिखाई दे रहा है। वहीं दूसरी ओर किसान सोयाबीन की कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। किसानों के अनुसार इस बार सोयाबीन की उपज कम हुई है, हालांकि बाजार में बेहतर भाव मिलने से उन्हें कुछ राहत जरूर मिली है। महंगाई का सबसे अधिक असर निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों पर दिखाई दे रहा है। सीमित आय में घर का खर्च चलाने वाले परिवार इस बार दीपावली का त्योहार भी सोच-समझकर और खर्च में कटौती करते हुए मनाने की तैयारी कर रहे हैं। रोजमर्रा की जरूरतों के साथ त्योहार की खरीदारी का बजट भी बिगड़ता नजर आ रहा है।

व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किराना सामग्री के दामों में करीब 10 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। वहीं दीपावली पर उपयोग होने वाली वस्तुओं के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। पिछले वर्ष 10 रुपये में मिलने वाले 12 मिट्टी के दीपक इस बार महज छह ही मिल रहे हैं। मिठाई के दाम 320 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 400 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। इसी प्रकार तेल 155 रुपये से बढ़कर 160 रुपये किलो, शुद्ध घी 600 रुपये से बढ़कर 650 से 700 रुपये किलो, बेसन 60 रुपये से बढ़कर 95 रुपये किलो और मैदा 30 रुपये से बढ़कर 35 रुपये किलो तक पहुंच गया है। इतना ही नहीं, दीपावली पर गोमाता को सजाने के लिए उपयोग होने वाला फुंदा, जो पिछले वर्ष 20 रुपये में मिलता था, इस बार 50 रुपये का हो गया है। वहीं 80 रुपये में मिलने वाली घंटी-माला की कीमत बढ़कर 150 रुपये हो गई है। ऐसे में दीपावली की पारंपरिक तैयारियां भी आम परिवारों के लिए महंगी साबित हो रही हैं।

ग्राहकों के इंतजार में बैठे व्यापारी

दीपावली के त्योहार को लेकर जहां एक ओर व्यापारी दुकानों में सामान सजाकर ग्राहकों के आने का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बाजारों में अभी तक अपेक्षित चहल-पहल दिखाई नहीं दे रही है। व्यापारियों को उम्मीद है कि त्योहार के अंतिम दिनों में खरीदारी बढ़ेगी और बाजारों में रौनक लौटेगी।अब देखना यह होगा कि दीपावली के शेष छह दिनों में बाजारों की तस्वीर बदलती है या नहीं। क्या ग्राहक जमकर खरीदारी करेंगे और व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान लौटेगी, या फिर महंगाई की मार के बीच इस बार दीपावली का उत्साह भी खरीदारी के सीमित बजट में सिमटकर रह जाएगा।

अब प्रशासन का कदम उठाने का इंतजार

बड़ली पर नहीं रुका अवैध खनन, और तेज हुई खनन करने की गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

क्षेत्र की जामोन्या बड़ली पर अवैध खनन का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। प्रतिबंध के बावजूद यहां व्यापक तौर पर मुरुम का अवैध खनन जारी है। रविवार को हरिभूमि ने प्रमुखता से इस मामले को प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाया था। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यहां स्थितियो में कोई बदलाव देखने को नही मिल रहा है। खुलेरूप से धड़ल्ले से खुदाई कर मुरुम निकाली जा रही है। गौरतलब है कि यहां पहले ही वन विभाग प्रतिबंध लगा चुका है, वहीं प्रशासनिक और राजस्व विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंचकर जांच कर चुकी हैं। इसके बावजूद खनन पर रोक नहीं लग पाना जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

जांच हुई, लेकिन कार्रवाई का इंतजार

मामले में जांच और रिपोर्ट तैयार होने की बात सामने आने के बाद भी मौके पर खनन जारी रहना प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठाता है। जब प्रतिबंध के बावजूद लगातार उत्खनन हो रहा है, तो संबंधित विभाग अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए? अब जरूरत केवल जांच तक सीमित रहने की नहीं, बल्कि मौके पर खनन बंद कराने और जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की है। देखना होगा कि लगातार सामने आ रहे मामले के बाद प्रशासन कब तक कदम उठाता है।



कई बार प्रशासन की टीमें भी पहुंच चुकी हैं लेकिन मामले में कार्रवाई सिफर रही

जामोन्या बड़ली में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से जारी मुरुम का अवैध खनन

खेत पर जाते समय हादसा

नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

डॉक्टर ने किया मृत घोषित, ट्रक चालक वाहन सहित फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नेशनल हाईवे पर रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। धनौरा निवासी 43 वर्षीय रामबाबू भारतीय अपने गांव से ट्रैक्टर लेकर खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उनके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि रामबाबू गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 4रू30 बजे धनौरा निवासी रामबाबू भारतीय पिता मांगीलाल भारतीय अपने गांव से ट्रैक्टर लेकर खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने उनके ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामबाबू को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डायल 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल रामबाबू को उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रविंद्र चंद्रावत ने प्राथमिक परीक्षण और उपचार के बाद रामबाबू भारतीय को मृत घोषित कर दिया। हादसे में मौत की खबर मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। वहीं, दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार ट्रक चालक और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटा रही है।



5 लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर होगी कार्रवाई

मारपीट के बाद जहर खाने वाले व्यक्ति की भोपाल में हो गई मौत, परिजनों ने थाने में किया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

चार दिन पहले मारपीट के एक मामले में जहर खाने वालेशंकरपुरा निवासी युवक पप्पू कुशवाह (45) की रविवार को भोपाल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजन शव लेकर नरसिंहगढ़ थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध जताया। इस दौरान परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोपियों को फांसी देने की मांग की। हालांकि पुलिस ने समझाइश देकर मामले को शांत कराया, जिसके बाद कही युवक का अंतिम संस्कार करवाया गया। फिलहाल युवक के साथ मारपीट करने वाले पांच आरोपियो चिंता बाई पति गोलू कुशवाह, रमेश कुशवाह, कान्हा पिता छुटुआ कुशवाह, अजय पिता रमेश कुशवाह, गोलू पिता रमेश कुशवाह के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।

बाइक खराब होने के बाद हुआ था विवाद

जानकारी के अनुसार, 28 अक्टूबर की रात पप्पू कुशवाह अपने घर से कही जा रहा था इसी बीच रास्ते में एक घर के सामने उनकी बाइक खराब हो गई। इसी दौरान किसी बात वही रहने वाले निवासियों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ और सम्बन्धितों ने पप्पू के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की घटना के अगले दिन 29 अक्टूबर को युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया गया। शनिवार को इस मामले में पप्पू के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन रविवार को उपचार के दौरान मौत होने के बाद परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में शव रखकर प्रदर्शन किया। फिलहाल पुलिस तथ्यों की जांच कर रही है।

दूसरे पक्ष ने भी दिया आवेदन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी थाने में आवेदन दिया गया है। इसमें आरोप लगाया गया कि 28 अक्टूबर की रात बाइक खराब होने के दौरान पप्पू ने घर में मौजूद महिला को अपने साथ चलने के लिए कहा था। महिला ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद विवाद हुआ और पप्पू के साथ मारपीट की गई। दूसरे पक्ष ने महिला के साथ अभद्रता को विवाद का कारण बताया है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

लीमाचौहान थाना प्रभारी बने निरीक्षक नरेंद्र कुमार बेलवंशी



सारंगपुर। पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत निरीक्षक नरेंद्र कुमार बेलवंशी को लीमाचौहान थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, वर्तमान थाना प्रभारी गोविंद सिंह मीणा को कोतवाली राजगढ़ में पदस्थ किया गया है। शनिवार को राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा जारी पदस्थापना आदेश के अनुसार लीमाचौहान थाना प्रभारी गोविंद सिंह मीणा को कोतवाली राजगढ़ भेजा गया है। वहीं, रक्षित केंद्र राजगढ़ में पदस्थ निरीक्षक नरेंद्र कुमार बेलवंशी को लीमाचौहान थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि निरीक्षक नरेंद्र कुमार बेलवंशी सितंबर 2026 में पीटीएस भौंरी भोपाल से स्थानांतरित होकर राजगढ़ आए थे। इससे पहले वे थाना कोहेफिजा व चैकी आनंद नगर, पिपलानी, अवधपूरी, एमपीनगर, भोपाल थाने में उपनिरीक्षक (एसआई) के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पुलिस विभाग में उनके पूर्व अनुभव को देखते हुए उन्हें लीमाचौहान थाने की कमान सौंपी गई है। लीमाचैहान थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की जिम्मेदारी अब नए थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार बेलवंशी के पास रहेगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा, किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, गोविंद सिंह मीणा की कोतवाली राजगढ़ में नई पदस्थापना की गई है।

हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस ने इस फैसले पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



रविवार को शाम के समय नगर के बस स्टैंड पर हरदीप सिंह पुरी को मध्यप्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने के विरोध में कुरावर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। मंडलम अध्यक्ष सोनार सिंह राजपूत के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस फैसले पर नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध जताया।

प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान मंडलम अध्यक्ष सोनार सिंह राजपूत, पार्षद राजू चैकसे, सचिन गिरी, राजेश मीणा, लखन चैहान, राज चैहान, रामेश्वर भिलाला, पिंटू, मनोज चंद्रवंशी, आशुतोष कलमोदिया, निर्भय सिंह एवं राजेंद्र प्रसाद शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

स्प्रिंगफील्ड के छात्र नितिन ने 5 हजार मीटर की मैराथन जीती, कुलसुम ने सेकंड आकर सिल्वर मेडल हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस लाइन में 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें 500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी और वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। मैराथन पुलिस लाइन से शुरू होकर नीमताल ओवरब्रिज, ट्रैफिक थाना, खेल स्टेडियम और हरिपुरा पुलिया होते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंची। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी खिलाड़ियों के साथ दौड़ पूरी की। प्रतियोगिता में अंडर-15 और 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 3 हजार, 2 हजार और 1 हजार रुपए नकद पुरस्कार के साथ शील्ड देकर सम्मानित किया गया। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्डस्कूल के छात्र नितिन यादव 5 हजार मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता छात्रा कुलसुम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया।

अनियंत्रित हुई बाइक युवक गंभीर घायल

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के मढ़ीपुर के पास शनिवार शाम समय गाय को बचाने के चक्कर में 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। विकास कुर्मी पुत्र रमेश कुर्मी (28 वर्ष) निवासी ग्राम नौरजा बाइक से रायसेन जा रहा था। मढ़ीपुर के पास सड़क पर आई गाय को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई।

धरोहरों से लेकर आधुनिक तकनीक तक की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

वात्सल्य स्कूल के मेले में दिखा 2047 का आत्मनिर्भर भारत, छात्रों ने मॉडल से दिखाई भविष्य की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को वात्सल्य परिवार की ओर से यूनिटी फन फेयर का आयोजन किया गया। बाल मेले में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच से वर्ष 2047 के आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। मेले में मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विदिशा के ऐतिहासिक स्थलों और भविष्य की आधुनिक तकनीकों पर आधारित मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, संयुक्त कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता, सपना जैन, केके साहू, संदीप डोंगर सिंह, बसंत जैन सहित शहर के गणमान्य नागरिक और अभिभावक मौजूद रहे। अंत में संस्था संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, रुचिरा अरोरा, प्रतीक कोहली और संजय शर्मा ने अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार माना।



विदिशा। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए।

'हमारा मध्यप्रदेश' विषय पर प्रदर्शनी लगाई

विद्यालय परिसर में 'हमारा मध्यप्रदेश' विषय पर विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें वात्सल्य और मानसरोवर के विद्यार्थियों ने उदयगिरि की गुफाओं, चरणतीर्थ मंदिर, बालाजी मंदिर, बीजा मंडल, हिंडोला तोरण, हेलियोडोरस स्तंभ (खाम बाबा), लोहांगी पहाड़ी और देवी के बाग के आकर्षक मॉडल तैयार किए। सांची स्तूप सहित मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड और बघेलखंड की संस्कृति, परंपराओं और रहन-सहन को भी मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया। वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के पाईजोइलेक्ट्रिसिटी आधारित मॉडल ने विशेष ध्यान खींचा। इसमें दबाव और कंपन से बिजली पैदा करने की तकनीक समझाई गई। वहीं इकोनोवा 2047 मॉडल के जरिए भविष्य के आत्मनिर्भर शहर की कल्पना प्रस्तुत की गई। इसमें सौर एवं पवन ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, हरित भवन, स्मार्ट यातायात और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं दिखाई गईं। मेले में बच्चों ने खानपान के स्टॉल भी लगाए। पानीपुरी, दहीपुरी, भेलपुरी, मंगोड़ी और चाट का अभिभावकों ने स्वाद लिया। वहीं घुड़सवारी, मिकी माउस और झूलों का बच्चों ने आनंद उठाया। अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।

ऑनलाइन ठगी रोकने बैंक मैनेजरों की बैठक में निर्देश

संदिग्ध लेनदेन की सूचना मिलते ही खाते को होल्ड करने के निर्देश, ठगी की रकम दूसरे खातों में जाने से रोकने पर जोर

विदिशा। डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पहल की है। एसपी रोहित काशवानी ने कोतवाली थाने में जिले के सभी बैंकों के मैनेजरों की बैठक लेकर साइबर ठगी से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी ने कहा कि साइबर ठगी की रकम अक्सर अपराधी अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में संदिग्ध लेनदेन की पहचान कर खातों को होल्ड करना जरूरी है। पुलिस से किसी खाते या ट्रांजेक्शन के संबंध में सूचना मिलने पर बैंक अधिकारी तत्काल कार्रवाई करें। बैठक में पुलिस अधिकारियों और बैंक मैनेजरों ने ऑनलाइन ठगी के मामलों, संदिग्ध खातों और रकम के लेनदेन को रोकने के तरीकों पर चर्चा की।

सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि, छात्रों ने ली एकता की शपथ

विदिशा। साकेत एमजीएमसी स्कूल में भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत सातवें फिट इंडिया रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एकता एवं स्वतंत्रता की शपथ ली। दौड़ का संदेश 'एकता को नमन, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि और फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' रहा। प्राचार्य डॉ. जीडी पाटिल ने प्रतिदिन 30 मिनट शारीरिक गतिविधि करने का संकल्प दिलाया। दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

खबर संक्षेप

समाजसेवा के कार्यों के लिए किया अभिनंदन

सीहोर। समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे कार्यों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित प्रयासों को देखते हुए गुरु दा लंगर टीम द्वारा न्यू अथर्व फाउंडेशन की टीम का सम्मान किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से सुनील राय का विशेष रूप से सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। सम्मान मिलने पर न्यू अथर्व फाउंडेशन की टीम ने गुरु दा लंगर की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान समाजसेवा के कार्यों को और अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। टीम ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर गुरु दा लंगर टीम के सदस्यों ने न्यू अथर्व फाउंडेशन के सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण और आपसी सहयोग की भावना देखने को मिली।

अवनेंद्र पहलवान का निधन, दी श्रद्धांजलि



सीहोर। रोटेरियन रविंद्र पहलवान के छोटे भाई , शैलेंद्र पहलवान एवं प्रदीप पहलवान के बड़े भाई अवनेंद्र पहलवान का निधन हो गया है। वह 73 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थे। उनकी अंतिम यात्रा पार्वती कॉलोनी इंग्लिशपुरा स्थित निज निवास पहलवान कंपाउंड से सोमवार की सुबह 10 बजे निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार छावनी स्थित श्मशान घाट पर किया जाएगा।

कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए टीआई युवा संगठन ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कॉलोनी चौराहे पर नगरवासियों के साथ संस्था ने पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमन

शराब तस्करी रोकने के दौरान मिनी ट्रक से कुचलने की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देवास जिले के खातेगांव में पदस्थ थाना प्रभारी (टीआई) दिलीप पुरी गोस्वामी की ड्यूटी के दौरान हुई दर्दनाक मौत से पुलिस महकमे सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई के दौरान एक मिनी ट्रक की चपेट में आने से उन्होंने अपने प्राण गंवा दिए। उनके पार्थिव शरीर के आष्टा पहुंचने पर कॉलोनी चौराहे पर स्थानीय आष्टा युवा संगठन एवं नगरवासियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी को नम आंखों से नमन किया। जानकारी के अनुसार, धार जिले की सरदारपुर तहसील के बारमंडल गांव निवासी टीआई दिलीप पुरी गोस्वामी खातेगांव थाने में पदस्थ थे। देवास जिले में नकली शराब से 13 लोगों की मौत की घटना के बाद पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए जांच और निगरानी बढ़ाई गई थी। इसी क्रम में खातेगांव-नेमावर मार्ग पर पुलिस चेकिंग पाइंट लगाया गया था, जहां थाना प्रभारी स्वयं ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान



एक मिनी ट्रक को रोकने का प्रयास करने पर चालक वाहन रोकने के बजाय टीआई को कुचलते हुए आगे निकल गया। हादसे में उनके सिर और सीने के हिस्से में गंभीर चोटें आईं। पुलिसकर्मियों ने उन्हें बचाने के लिए सीपीआर सहित अन्य प्रयास किए, लेकिन गंभीर चोटों और अधिक रक्तस्राव के चलते उनकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद पुलिस ने वाहन का पीछा किया। चालक संदलपुर में वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसके बाद पुलिस ने मिनी ट्रक जब्त कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना के कुछ ही घंटों में चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच में हरदा के राहुल जायसवाल सहित कथित शराब तस्करी नेटवर्क से जुड़े लोगों के नाम सामने आने की जानकारी भी दी गई।

कॉलोनी चौराहे पर दी गई श्रद्धांजलि

टीआई दिलीप पुरी के पार्थिव शरीर के आष्टा पहुंचने पर कॉलोनी चौराहे पर युवा संगठन के प्रमुख आनंद गोस्वामी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष भुरू मुकाती ,पार्षद रवि शर्मा ,कमल पाटीदार ,रोहित तोमर ,जसपाल गोस्वामी ,पेम चंद यादव ,अर्जुन पाटीदार ,भूरा यादव ,पवन राका ,पवन यादव,,बैटरी पहलवान ,रवि गोस्वामी ,दीपक गोस्वामी ,एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने वाहन रोककर पुष्पचक्र अर्पित किए। उपस्थित लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाते हुए दिवंगत अधिकारी के कर्तव्यनिष्ठ सेवाभाव को याद किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान माहौल गमगीन रहा और लोगों ने उन्हें भावभीनी अंतिम विदाई दी।

शिक्षक की विदाई पर छात्राओं के छलक उठे आंसू



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शिक्षक के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि उसके पढ़ाए हुए विद्यार्थियों की सफलता और समाज में मिलने वाला सम्मान होता है। इसका भावुक और यादगार उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब 41 वर्षों तक एक ही स्थान पर रहकर शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षक विमल कुमार जैन सेवानिवृत्त हुए।उनकी विदाई का अंदाज भी अनूठा रहा। शिक्षक के चेहरे पर जहां नई पारी शुरू करने की खुशी थी, वहीं अपने प्रिय गुरु को विदाई देते समय छात्राओं की आंखों में आंसू थे।

उन्होंने लगातार एक ही संस्थान में रहकर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दीं।इस विदाई समारोह की सबसे खास बात यह रही कि इसमें शिक्षक के गुरुजन, माता-पिता, परिवार के सदस्य और उनके पढ़ाए हुए पूर्व विद्यार्थी भी शामिल हुए। वर्षों पहले उनसे शिक्षा प्राप्त कर कई विद्यार्थी आज व्यापार, राजनीति और शासकीय सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं। अपने गुरु के सम्मान में उनकी मौजूदगी ने समारोह को यादगार बना दिया।समारोह में पहुंचे छात्र-छात्राओं, पूर्व विद्यार्थियों, शिक्षा कर्मियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और पारिवारिक मित्रों ने शिक्षक विमल कुमार जैन का फूल-माला, साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

समारोह में उमड़ी भीड़ और विद्यार्थियों का स्नेह इस बात का प्रमाण रहा कि शिक्षक की असली कमाई वे संस्कार, शिक्षा और रिश्ते हैं, जो जीवन भर साथ रहते हैं।सर्वप्रथम अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बैनर तले मोहनलाल भावसार के सानिध्य में आयोजित कवि गोष्ठी में विमल कुमार जैन का सम्मान किया गया। इसके पश्चात शासकीय कन्या शाला में शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्राओं, अतिथियों और नागरिकों के बीच भव्य विदाई समारोह संपन्न हुआ।शिक्षक विमल कुमार को स्कूल से जुलूस के रूप में उनके निवास तक ले जाया गया, जहां रास्ते में जगह-जगह अनेक संगठनों व नागरिकों द्वारा साफा बांधकर, अंगवस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात शिक्षक विमल कुमार द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, पधारे हुए सहपाठियों, मेहमानों और ग्रामवासियों को पांडव राज पैलेस पर भोजन कराकर और पुष्प-माला से सम्मानित कर विदाई समारोह को यादगार बनाया गया।

कलेक्टर ने टाउन हॉल स्थित पुस्तकालय का किया निरीक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से की चर्चा

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने टाउन हॉल में संचालित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं अध्ययन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए संचालित निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया। उन्होंने युवाओं से उनकी तैयारी, अध्ययन की रणनीति, विषयों की समझ और परीक्षा से जुड़ी चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। युवाओं ने भी अपनी जिज्ञासाएं और तैयारी के संबंध में कलेक्टर से चर्चा की। कलेक्टर ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन एवं मेहनत से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पुस्तकालय को बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान तसीलदार श्री अमित सिंह उपस्थित थे।



आजाद अध्यापक शिक्षक ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण आष्टा में ब्लॉक आजाद अध्यापक शिक्षक संगठन की बैठक का आयोजन संभागीय अध्यक्ष दर्शन सिंह ओड की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष योगिता लोधी, संभागीय उपाध्यक्ष राधेश्याम जलवाया, संभागीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, संभागीय कोषाध्यक्ष के के सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए शिक्षक



की विभिन्न समस्याओं की चर्चा कर समाधान के लिए विचार विमर्श किया गया।नवीन कार्यकारिणी का सर्व समिति से गठन किया गया। जिसमें आजाद अध्यापक शिक्षक संगठन की ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, सचिव राजाराम पोलाया को सर्व सहमति से चुना गया। जिला कार्यकारणी में लाडसिंह मालवीय, प्रीतम सिंह चौहान , निर्मल दास बैरागी ,सुशील सोलंकी, विजेंद्र सिंह ठाकुर को सम्मिलित किया गया बैठक में उपस्थित शिक्षक गण रमेश चंद्र रेकवाल, गोपाल सिंह ठाकुर,सत्य प्रकाश परमार ,कमलेश कुमार देवलिया, सुरेंद्र सिंह ठाकुर ,गजराज सिंह ठाकुर, महेश विश्वकर्मा, रविंद्र सिंह ठाकुर पुरुषोत्तम कलमोदिया ,अशोक कुमार जावरिया ,धर्मेंद्र कुमार मालवीय ,गोपाल सिंह ठाकुर शिवनारायण पेरवाल ,मोती सिंह ठाकुर ,तेज सिंह ठाकुर एवं बहुत संख्या में शिक्षक गण उपस्थित रहे।

जन्मदिन पर बोले विधायक गोपाल इंजीनियर, क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद ही मेरी असली ताकत है

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का जन्मोत्सव आज आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिको, भाजपा के आठो मंडलो के भाजपा के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में सीहोर विधायक सुदेश राय, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मेवाडा, सीहोर नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नपा अध्यक्ष रायसिंह मेवाडा,विप्र वैदिक मंडल के सभी गुरुजी, सतनगरी आश्रम के गुरुजी छबीलदास जी,खामखेड़ा जत्रा धाम के गुरुजी, मिठ्ठुपुरा सरकार, उद्दवदास जी महाराज, मोहितराम पाठक सहित आष्टा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों,जनप्रतिनिधियों,सभी समाज प्रमुखों,महिला मंडलो की बहने,हिन्दू उत्सव समिति, सकल समाज, व्यापार महासंघ, व्यापारी संगठनों, मठ मंदिरों की समितियों, पत्रकारों, भाजपा के कार्यकर्ताओ, प्रदेश, जिला, मंडलों के पदाधिकारियों ने गोकुलधाम पहुंचकर आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का ऐतिहासिक स्वागत सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किये। अपने स्वागत सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद ही मेरी असली ताकत है । आपका बेटा, आपका भाई आपकी सेवा के लिये हर समय तैयार है। आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में सर्व प्रथम विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद देने पहुचे विप्र वैदिक मंडल के सभी गुरुजियों का विधायक इंजीनियर ने शाल ओढ़ा कर स्वागत,सम्मान कर उनके







चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर अपने जन्मोत्सव पर दिन की शुरुआत सर्वप्रथम राधाकृष्ण मन्दिर जगदीशवर धाम मंदिर,गणेश मंदिर, श्री भेरू मंदिर बड़ा बाजार, शंकर मन्दिर पहुंचकर भगवान के दर्शन पूजन पाठ एवं अभिषेक किया एवं पार्वती मैय्या का पूजन कर माँ को चुनरी अर्पित की। विधायक के जन्मोत्सव पर पूरा नगर बधाई के फ्लैक्स, होर्डिंग्स, से सजाया गया था। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर मित्र मंडली एवं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम का गोकुलधाम गार्डन में आयोजन किया गया था, यहां पर प्रात 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक जन्मोत्सव का कार्यक्रम चला। जिसमें आष्टा विधानसभा क्षेत्र ही नहीं वरन आसपास के जिलों से भी सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि पहुंचे और उन्होंने विधायक जी का स्वागत सम्मान किया।

राम मंदिर निर्माण में बलिदान देने वाले रामभक्तों को हम नहीं भूलेंगे: विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मोदी मांगलिक भवन में रविवार को हुतात्मा दिवस मनाया। विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बलिदानों को श्रद्धांजलि दी और शत-शत नमन किया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया गया। अयोध्या राम मंदिर निर्माण में बलिदान देने वाले कोठारी बंधुओं की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल



जगदीश कुशवाहा ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री रामल्ला के मंदिर निर्माण के लिए कार सेवा शुरू की गई थी पूरे देश से हजारों सनातन धर्मी हिंदू अयोध्या पहुंचे थे इस दौरान कोठारी बंधु शहीद हो गए थे। श्री राम मंदिर निर्माण आंदोलन के दौरान सैकड़ों लोगों ने बलिदान दिया। विश्व हिंदू परिषद इस बलिदान को हुतात्मा दिवस के रूप में मनाता है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि श्री राम मंदिर निर्माण में बलिदान होने वाले राम भक्तों को हम भूलेंगे नहीं उनका बलिदान हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम में विहिप जिला अध्यक्ष रेवाशंकर जाट, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा, जिला प्रमुख जगदीश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रमा सिंह, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजक नीलू चौहान, अखाड़ा प्रमुख राज खरे, कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा, नैतिक शिक्षा प्रमुख राकेश विश्वकर्मा, मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर, सह मंत्री राकेश ठाकुर, मंगलेश वर्मा नगर मंत्री, नगर मंत्री अक्षय साहू, नगर संयोजक सन्नी प्रजापति, नगर सह सुरक्षा प्रमुख ललित पाराशर सहित बड़ी संख्या में विहीप बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुरक्षित बचपन अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ, कार्यशाला की आयोजित

करियर मार्गदर्शन, भविष्य की तैयारी से संबंधित जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 1 से 6 नवंबर तक आयोजित होने वाले सुरक्षित बचपन अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ एवं एक दिवसीय 'उड़ान' कार्यशाला का आयोजन 01 नवम्बर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, जिला अनूपपुर में किया गया। राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब लाइव के माध्यम से एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर सीहोर में किया गया।

इसके पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए 'उड़ान' एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर श्री संजीव कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, बाल यौन शोषण से बचाव, करियर मार्गदर्शन एवं भविष्य की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों से संरक्षण के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी देते हुए जागरूक रहने और आवश्यकता



पड़ने पर उचित सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुराग सिंह कुशवाह एवं साइबर सेल सीहोर के सुशील साल्वे ने डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी और जोखिमों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीहोर स्वप्नाश्री सिंह ने बच्चों के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम, बाल संरक्षण तंत्र, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012, शिकायत एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था तथा निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में विस्तार से बताया। जिला चिकित्सालय सीहोर के डॉ. शशिन्द्र भनारिया ने किशोरों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, पर्याप्त नींद, व्यायाम और संतुलित जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला शिक्षा विभाग के श्री दिनेश वर्मा ने करियर के विभिन्न विकल्पों, कौशल विकास, लक्ष्य निर्धारण, छात्रवृत्ति तथा आधुनिक तकनीक आधारित कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाने की संभावनाओं के बारे में बताया। वहीं पुनर्वास अधिकारी जे.पी. दिवाकर ने किशोरों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सहपाठियों के दबाव, आत्मविश्वास, संवाद कौशल एवं लैंगिक संवेदनशीलता पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में समूह गतिविधियों एवं रोल प्ले के माध्यम से लैंगिक हिंसा, बुलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी परिस्थितियों से निपटने के तरीकों की जानकारी भी दी गई। समापन सत्र में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने तथा शोषण एवं हिंसा की स्थिति में विधिक संरक्षण प्राप्त करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी ने किया। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा, नसरुल्लागंज, बुधनी एवं इछावर के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

जन शिक्षा केंद्र हाई स्कूल जसमत में शिक्षकों के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

जन शिक्षा केंद्र हाई स्कूल जसमत में दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को शिक्षकों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण अधिगम सामग्री और बच्चों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र प्रभारी शिवलाल खरतिया, जन शिक्षक सजन मालवीय, बद्री प्रसाद वर्मा और लाडसिंह मालवीय द्वारा शिक्षकों से संवाद किया गया। उन्होंने बताया कि किस तरह नवीन शिक्षण तकनीकों और सहज सामग्री के उपयोग से कक्षा शिक्षण को और अधिक रोचक व प्रभावी बनाया जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर श्रीमती पुष्पा गुप्ता, श्रीमती सुनीता मालवीय और अर्जुन विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।